प्रेस नोट

सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को किया जागरूक और दिलवाई शपथ

प. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के रोड सेफ्टी कमेटी द्वारा किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर अशोक भारद्वाज रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर हरियाणा पुलिस व रवि भाटिया सयोंजक,रोड़ सेफ्टी ट्रैफिक पार्क करनाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी जी ने की । डॉ. सुरेंद्र नागिया ने मुख्य वक्ताओं का महाविद्यालय में इस प्रोग्राम के लिये आभार व्यक्त किया । डॉ. चरण सिंह ग्रोवर ने स्टेज कंडक्ट की भूमिका निभाई। मुख्य वक्ताओ ने बच्चों को सड़क पर वाहन चलाते समय क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहियें उन पर विस्तार से चर्चा की और नियमों का पालन करने के फायदे गिनवाए साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस के लिये कैसे और कहाॅ आवेदन करना होता है इस बारे बच्चों को अवगत करवाया गया। इस मौके पर विस्तार व्याख्यान में उपस्थित सभी बच्चों और स्टाफ़ सदस्यों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति शपथ भी दिलवाई गई।

इस मौके पर रोड सेफ्टी क्लब के सयोंजक डॉ. किरण दलाल,के इलावा डॉ.सरोज नैन, डॉ. मधुलिका, डॉ.चरण सिंह ग्रोवर, डॉ.स्वाति,डॉ. बिंदु, डॉ. संजीव,डॉ.वनिता,संजय, त्रिलोक सिंह, कुमारी रेखा के इलावा सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रेखा त्यागी
19/09/2023

Principal
Pt. Chiranji Lal Sharma
Govt. College,KARNAL